HOUSING (SHRI BHISHMA NARAIN SINGH): (a) to (c) The requisite information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

सरस्वती कुंज ग्रुप हार्उसिंग सोसाइटी के सदस्यों को भूखण्डों का ग्रावंटन

1612. **श्री निहाल सिंह : क्या निर्माण ग्रौर ग्रावास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरस्वती कुंज ग्रुप हार्उसिंग सोसायटी, सुल्तान सिह बिल्डिंग, कश्मीरी गेट दिल्ली द्वारा सितम्बर, 1980 तक 1700 सदस्य बनाये गये थे ;

(ख) क्या प्रत्येक सदस्य से प्रतिमास 100 रुपये लिये जाते हैं ;

(ग) क्या सदस्य बनाये जाते समय उन्हें इस बात का ग्राश्वासन दिया गया था कि सोसायटी के प्रत्येक सदस्य को 100 गज का भूखंड दिया जायगा लेकिन ग्रब उनसे कहा जा रहा है कि प्रत्येक सदस्य को "रोहिणी" में एक एक मकान दिया जायेगा ग्रौर लोगों को लाखों रुपयों से ठगा जा रहा है ग्रौर उनमें से प्रत्येक से 500 रुपये मूल्य के स्टाम्प पेपर्स लिये गये हैं ;

(घ) क्या सरकार उपरोक्त सोसायटी के कार्यों की जांच करायेगी ; ग्रौर

(ङ) उन्हें कब तक भूखंडों का ग्रावंटन कर दिया जायगा ग्रथवा उनकी धनराशि वापस लौटा दी जाएगी ?

संसदीय कार्य तथा निर्माण ग्रौर ग्रावास मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह): (क) पंजीकार सहकारी समिति, दिल्ली ने सूचित किया है कि सरस्वती कुंज सामूहिक ग्रावास समिति ने बताया है कि सितम्बर, 1980 तक नामांकित किये गये सदस्यों की संख्या 625 थी ग्रौर ग्रब इस समिति के 1606 सदस्य हैं ।

(ख) समिति ने सूचित किया है कि 14 सितम्बर, 1980 को हुई समिति की ग्राम सभा की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि प्रत्येक सदस्य निधियों को जमा करने में सुविधा के लिये प्रतिमाह 100/– रुपये ग्रदा करे समिति ने यह भी सूचित किया है कि केवल 527 सदस्य इसे नियमित रूप से ग्रदा कर रहे हैं ।

(ग) समिति ने सूचित किया है कि सदस्यों के नामांकन के समय "रोहिणी" में 100 गज के प्लाट ग्रथवा एक मकान के ग्राबंटन का ऐसा कोई ग्राश्वासन नहीं दिया गया था । प्रत्येक सदस्य से 500/– रुपये के मूल्य के स्टाम्प पेपर्स एकत्रित करने के संबंध में सूचना उपलब्ध की जा रही है ।

(घ) पंजीकार, सहकारी समिति, दिल्ली ने सूचित किया है कि उन्होंने समिति के कार्यकरण के विषय में कोई शिकायत प्राप्त नहीं की है ग्रतः इस ग्रवस्था में किसी जांच का प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ) यह एक सममूहिक ग्रावास समिति होने के कारण इसके सदस्यों को प्लाट के ग्राबंटन का प्रश्न ही नहीं उठता । सदस्यों द्वारा जमा की गई धन राशि के लौटाने का जहां तक संबध है समिति ने सूचित किया है कि किसी भी सदस्य को जो सदस्यता से त्यागपत्र देता है, जमा का भुगतान कर दिया जायगा ।

सरकारी ग्रावास सोसाइटियों के सदस्य केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को मकान बनाने के लिए ग्रग्रिम राशि

1613. **श्री निहाल सिंह : क्या निर्माण ग्रौर ग्रावास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में सरकारी सामूहिक ग्रावास सोसइटियों के सदस्य केन्द्रीय